# भूमि सुधार उपसमाहर्ता का न्यायालय, पोड़ाहाट, चक्रधरपुर।

## टी॰ए॰ मिस केस सं॰–87/2020–2021

| आदेश की तिथि | आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बाद टिप्पणी तारीख साथ |
|---|---|---|
| 24.11.2020 | अभिलेख उपस्थापित। अंचल अधिकारी, चक्रधरपुर का जांच प्रतिवेदन अप्राप्त है। जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु अंचल अधिकारी, चक्रधरपुर को स्मारित करें। अगली तिथि 15.12.2020 को निर्धारित की जाती है।<br>अभिलेख 15.12.2020 को उपस्थापित करें।<br>भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता<br>पोड़ाहाट, चक्रधरपुर। | |
| 15.12.2020 | **आदेश**<br>अभिलेख उपस्थापित। अंचल अधिकारी, **चक्रधरपुर** के पत्रांक–**609**, दिनांक–**12.12.2020** द्वारा जाँच<br>प्रतिवेदन दिनांक **14.12.2020** को प्राप्त हुआ है। अंचल अधिकारी, **चक्रधरपुर** ने प्रतिवेदित किया है कि<br>आवेदक **गारदी जामुदा**, पिता–**स्व0 रेगा जामुदा उर्फ रेगा हो**, जाति–**हो (अ॰ज॰जा॰)**,<br>ग्राम–**भालियाडीह**, थाना–**चक्रधरपुर**, जिला **प॰ सिंहभूम** ने छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908<br>की धारा 46(प)प्रोभिजो "ए"/"बी" के अन्तर्गत भूमि हस्तांतरण हेतु आवेदन पत्र दिया है। अंचल<br>अधिकारी, **चक्रधरपुर** के प्रतिवेदनानुसार आवेदित आवासीय भूमि मौजा–**भालियाडीह**, थाना नं0–**506**,<br>थाना–**चक्रधरपुर**, खाता नं॰–**240**, खेसरा नं0–**356, 357**, रकवा क्रमशः–**0.15 ए0, 0.16 ए0**, कुल<br>रकवा–**0.31 ए0** भूमि क्रेता **(1) पान्डु जामुदा**, पिता–**श्री राजेन जामुदा, (2) अरबिन्द जामुदा**, पिता–**श्री**<br>**सोमनाथ जामुदा**, जति–**हो (अ॰ज॰जा॰)**, ग्राम–**भालियाडीह**, थाना–**चक्रधरपुर**, जिला–**प॰ सिंहभूम** के<br>पास बिक्री करना चाहते हैं। दोनों पक्षों को सूचना निर्गत किया गया एवं आम इश्तेहार किया गया।<br>जाँच प्रतिवेदन के अवलोकन से पता चलता है कि बिक्री की जानेवाली जमीन आवेदक **गारदी**<br>**जामुदा**, पिता–**स्व0 रेगा जामुदा उर्फ रेगा हो**, जांति–**हो (अ॰ज॰जा॰)**, ग्राम–**भालियाडीह**,<br>थाना–**चक्रधरपुर**, जिला **प॰ सिंहभूम** के दखल कब्जे में है तथा अपने हक के ही जमीन को क्रेता के<br>पास बेचना चाहते है। आम इश्तहार एवं नोटिस तामिला प्रतिवेदन के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि<br>आवेदित जमीन को बेचे जाने पर किसी भी व्यक्ति के द्वारा आजतक किसी भी प्रकार की आपत्ति इस<br>कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ है। तामिला प्रतिवेदन अभिलेख के साथ संलग्न है।<br>बिक्रेता एवं क्रेता का थाना–**चक्रधरपुर**, जिला– **प0 सिंहभूम** के निवासी हैं। बिक्रेता एवं क्रेता का<br>जाति–**हो (अ॰ज॰जा॰)** समुदाय के सदस्य हैं। बिक्रेता उक्त वर्णित भूमि **ईलाज एवं अन्य घरेलु कार्यों में**<br>**बिक्री हेतु** बेचना चाहते हैं। प्रश्नगत भूमि बिक्री के पश्चात् बिक्रेता को **चक्रधरपुर** अंचल अंतर्गत **रकवा**<br>**4.47 ए0** अवशेष भूमि बचता है। अंचल अधिकारी, **चक्रधरपुर** द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन तथा आम<br>इश्तेहार पर आपत्ति प्राप्त नहीं होने के फलस्वरूप आवेदक/आवेदिका को अपने हक एवं दखल की<br>उपरोक्त जमीन बिक्रेता **गारदी जामुदा**, पिता–**स्व0** रेगा **जामुदा उर्फ** रेगा **हो**, जाति–**हो (अ॰ज॰जा॰)**,<br>ग्राम–**भालियाडीह**, थाना–**चक्रधरपुर**, जिला **प॰ सिंहभूम** उक्त भूमि **1,06,000/– (एक लाख छः हजार)**<br>रूपये में उक्त क्रेता को बेचना चाहते हैं। राजस्व एवं निबंधन विभाग द्वारा निर्धारित दर अथवा क्रेता<br>एवं बिक्रेता द्वारा तय मूल्य में जो अधिक है दर पर, निबंधन शूल्क अदा कर बेचने की **स्वीकृति** दी<br>जाती है।<br>आदेश की प्रति पक्षकार को उपलब्ध करायें।<br>भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता<br>पोड़ाहाट, चक्रधरपुर। | |

Digitally signed by KUSHALMY KINETH MUNDU
Date: 2025.04.07 12:59:04 +05:30
Location: 10.93.69.133